# महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा ,जिला-धमतरी (छ.ग.)

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई

द्वारा आयोजित

## सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रतिवेदन

### दिनांक-27 दिसम्बर 2022 से 02 जनवरी 2023 तक




**श्री जानेन्द्र बंजारे**
कार्यक्रम अधिकारी
रा.से.यो. इकाई

**डॉ. गुप्तेश्वर गुप्ता**
प्राचार्य
महर्षि वेदव्यास शास.स्नात. महाविद्यालय भखारा



# भारत सरकार

## GOVERNMENT OF INDIA

## युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS & SPORTS

रा.से.यो. क्षेत्रीय निदेशालय,(म.प्र.–छ.ग.) भोपाल

N.S.S. REGIONAL DIRECTORATE,(M.P.-C.G.) BHOPAL

**पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर क्षेत्राधिकार अंतर्गत**

**राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई महर्षि वेदव्यास शास. स्ना. महाविद्यालय भखारा,धमतरी**

# ग्रामीण विकास के लिए युवा

# इकाई स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर

स्थान: ग्राम पंचायत थुहा, जिला–धमतरी (छ.ग.)

दिनांक : 27 दिसम्बर 2022 से 02 जनवरी 2023 तक

**आयोजक-राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई महर्षि वेदव्यास शास. स्ना. महाविद्यालय भखारा,धमतरी**

Follow us @JBNSSPO @NSSUGCB @NSSINDIA @ NSSRDBHOPAL

# सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रथम दिवस (दिनांक–27.12.2022)

राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय (म.प्र.–छ.ग.) भोपाल के अंतर्गत पं. रविशंकर शुक्ल वि. वि. रायपुर क्षेत्राधिकार अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई महर्षि वेदव्यास शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा, धमतरी द्वारा "ग्रामीण विकास के लिए युवा" थीम को लेकर ग्राम पंचायत थुहा में दिनांक 27.12.2022 से 02.01.2023 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। सात दिवसीय विशेष शिविर के लिए रा. से.यो. इकाई को डॉ. संजय शर्मा (विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र) द्वारा हरी झंडी दिखाकर श्री जागेन्द्र बंजारे रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में अग्रिम शुभकामनाओ के साथ प्रस्थान किया गया। हरी झंडी कार्यक्रम के समय श्री आनंद सोनी प्राध्यापक अंग्रेजी, डॉ. कविता वैष्णव प्राध्यापक हिन्दी, श्री रामकिशोर यादव प्राध्यापक राजनीति विज्ञान सहित समस्त प्राध्यापकगण एवं व्याख्यातागण उपस्थित थे।






शिविर स्थान में पहुँचकर शिविरार्थियो द्वारा साफ सफाई की गई। तत्पश्चात शिविर उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन मे मुख्य अतिथि श्रीमति अनुसुइया रात्रे (सरपंच–ग्रा.पं. थुहा) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे श्री जितेन्द्र राजे (पंचायत प्रतिनिधि), श्रीमति दयावती जोशी (पंच), श्रीमति बबिता पटेल (पंच), श्रीमति अंजनी साहू (पंच), श्रीमति कुमारी पटेल (पंच), श्री चंद्रकुमार बंजारे ( सचिव–ग्रा. पं. थुहा ) तथा श्री तेजेश्वर कुर्रे (अध्यक्ष राजीव युवा मितान क्लब) उपस्थित थे।






















महाविद्यालय की ओर से इस कार्यक्रम में श्री हरविंदर सिंह कुर्रे विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र, सुश्री त्रिशाला साहू व्याख्याता गणित एवं श्रीमति यशकुमारी साहू व्याख्याता अर्थशास्त्र उपस्थित थी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर की शुरूआत की गई। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। समस्त अतिथियों द्वारा उद्बोधन एवं शिविर के सफल आयोजन के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दिए गए। अंत में श्री ज्ञानेन्द्र बंजारे द्वारा आभार प्रस्तुत किया गया। इस उद्घाटन कार्यक्रम का संचालक स्वयंसेवक चेतनानंद एवं धर्मेन्द्र कुमार द्वारा किया गया।






सरपंच द्वारा यह विचार व्यक्त की गई कि–ग्राम पंचायत थुहा में स्वयंसेवको का विशेष शिविर लगना सौभाग्य की बात है। ग्राम पंचायत सचिव के द्वारा जीवन के चार अवस्थाओ के बारे मे जानकारी दी गई एवं स्वयंसेवको का ग्रामीण विकास, राष्ट्रविकास के विभिन्न आयामा मे सार्थक भूमिका सुनिश्चित के लिए प्रेरित किया गया।









# सात दिवसीय विशेष शिविर का द्वितीय दिवस (दिनांक-28.12.2022)

शिविरार्थी द्वारा कार्यक्रम अधिकारी श्री जानेन्द्र बंजारे के नेतृत्व में जनजागरण एवं ग्रामवासियो को प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में ग्रामवासियो द्वारा ग्राम के मुख्य चौराहा पर सुव्यवस्थित ढंग से एनएसएस लक्ष्य गीत गाए गए। इस प्रभात फेरी में सुश्री त्रिशाला साहू व्याख्याता गणित एवं श्रीमति यशकुमारी साहू व्याख्याता अर्थशास्त्र उपस्थित थी।






प्रभात फेरी के पश्चात् व्यायाम किए गए।




व्यायाम के पश्चात् स्वल्पाहार कर शिविरार्थियों द्वारा परियोजना कार्य किया गया। परियोजना कार्य अंतर्गत शिविर स्थान शासकीय प्राथमिक शाला थुहा एवं शास. पूर्व माध्यमिक शाला थुहा परिसर की साफ–सफाई की गई एवं मंच तैयार किया गया।





बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. कविता वैष्णव प्राध्यापक हिन्दी, श्रीमति शकुंतला कोसरिया प्राध्यापक अर्थशास्त्र एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री खूबचंद हिरवानी (व्याख्याता वाणिज्य), श्री चिरंजीव साहू (व्याख्याता भूगोल), सुश्री जागृति सिन्हा (व्याख्याता वाणिज्य), श्रीमति अंजू साहू (व्याख्याता वाणिज्य) सम्मिलित हुए। डॉ. कविता वैष्णव ने व्यक्त किया कि– रा.से.यो. से जुड़ने से विद्यार्थी के व्यक्तित्व का विकास होता है। जिसमे दूसरो को जागरूक तो करते है साथ ही स्वयं को भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है। श्रीमति शकुंतला कोसरिया ने कहा कि– युवाओ में शक्ति होती है, युवाओ का राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने ग्रामीण विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओ के सफल कियान्वयन मे युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाले। अंत में कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया गया। इस बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम का संचालन चेतनानंद द्वारा किया गया।









# सात दिवसीय विशेष शिविर का तृतीय दिवस (दिनांक–29.12.2022)

शिविरार्थियो द्वारा जनजागरण हेतु गांव के प्रमुख चौराहो पर स्लोगन, लक्ष्य गीत एवं प्रेरणादायक गीतों के माध्यम से प्रभात फेरी निकाली गई। इस प्रभात फेरी में सुश्री जागृति सिन्हा एवं श्रीमति अंजू साहू (व्याख्याता वाणिज्य) उपस्थित थी।






